# विद्युत सेवा आयोग

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि०,
एस०एल०डी०सी०परिसर(निकट मंत्री आवास),
विभूति खण्ड,फेज़–2, गोमती नगर
लखनऊ–226010

**(विज्ञापन सं० 04–विसेआ/2017/जे0ई0–विभागीय)**

उ०प्र० पावर कॉरपोरेशन लि० एवं उसकी सहयोगी वितरण कम्पनियों तथा **उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि०** के अधीन टी0जी0–2 से अवर अभियन्ता (वि0 एवं यां0) के 40 प्रतिशत एवं 8.33 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत रिक्त पदों पर चयन हेतु उ०प्र०पावर कॉरपोरेशन से प्राप्त अधियाचन के अनुपालन में प्रतियोगितात्मक परीक्षा के द्वारा **निर्धारित अर्हता रखने वाले** विभागीय कार्मिकों से आवेदन **ऑनलाइन माध्यम** के द्वारा आमंत्रित हैं। **अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।** कॉरपोरेशनवार श्रेणीवार रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है :

| क्रम सं0 | पद कोड | पदनाम | उ०प्र० पावर कॉरपोरेशन लि० एवं उसकी सहयोगी वितरण कम्पनियों के अधीन पदों की संख्या | उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि० के अधीन पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16D | टी0जी0–2 से अवर अभियन्ता (वि0 एवं यां0) के पद पर (40 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत) | 677 | 215 |
| 2 | 26D | निम्न पदस्थ डिप्लोमाधारी से अवर अभियन्ता (वि0 एवं यां0) के पद पर (8.33 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत) | 258 | 46 |

उपरिवर्णित पदों हेतु लिखित परीक्षा अलग–अलग तिथियों/शिफ्टों में निर्धारित समय पर सम्पन्न करायी जायेगी। यदि कोई अभ्यर्थीएक से अधिक पदों (पदकोड 16D एवं 26D) हेतु अर्हता रखता है, तो अलग–अलग आवेदन करे। आवेदन करने वाले कार्मिकों को अपने आवेदन में उ०प्र० पावर कॉरपोरेशन लि० एवं उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि० हेतु अलग–अलग वरीयताक्रम में स्वेच्छिक विकल्प देने होंगें। इन रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाने एवं बढ़ाने का अधिकार उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन लि0 के पास सुरक्षित है।

## (1) अनिवार्य अर्हतायें एवं चयन प्रक्रिया

### ¤ विभागीय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्रता :–

**(क)** कार्मिक तकनीशियन ग्रेड–2 के पद पर स्थाई घोषित हों।

**(ख)** कार्मिक तकनीशियन ग्रेड–2 के पद पर 10 वर्ष की अर्हकारी सेवा दिनांक 01.07.2017 तक पूर्ण कर चुका हो।

**(ग)** न्यूनतम इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमाधारी/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिग्रीधारी तकनीशियन (ग्रेड–2) जो पद पर स्थाई घोषित हो चुके हों, के लिये 8.33 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत अर्हकारी सेवा की न्यूनतम अवधि दिनांक 01.07.2017 तक 05 वर्ष की होगी। प्रतिबन्ध यह होगा कि:–

(1) दूरस्था शिक्षा के माध्यम से प्राप्त प्रमाण पत्र एवं फ्रेन्चाइजी संस्थानों द्वारा ऑफ कैम्पस विधि से प्राप्त तकनीकी डिप्लोमा/डिग्री मान्य नहीं होंगे।

(2) गैर मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्राप्त तकनीकी डिप्लोमा/डिग्री मान्य नहीं होंगे।

(3) प्रोन्नति के उपरान्त सिविल (जानपद) विधा के डिप्लोमा/डिग्रीधारी कार्मिकों को अवर अभियन्ता (जानपद) का कैडर आवंटित किया जायेगा। अवर अभियन्ता (जानपद) हेतु विज्ञापन में रिक्त पद उपलब्ध नहीं हैं, अतः इस कैडर हेतु आवेदन न करें।

### ¤ चयन प्रक्रिया :–

**(क)** विभागीय प्रोन्नति हेतु विद्युत सेवा आयोग द्वारा निर्धारित रिक्तियों के विरूद्ध 200 अंकों की 3 घंटे की कम्प्यूटर आधारित चार प्रश्न–पत्रों की परीक्षा आयोजित की जायेगी जिसका प्रारूप निम्नवत् होगा:–

(1) सामान्य हिन्दी — 50 प्रश्न

ESCUPPCL ★ विद्युत सेवा आयोग ★ ESCUPPCL सचिव 2017

(2) सामान्य अध्ययन एवं तार्किक ज्ञान — 50 प्रश्न
(3) तकनीकी ज्ञान — 50 प्रश्न
(4) कम्प्यूटर ज्ञान — 50 प्रश्न

(ख) प्रत्येक सही उत्तर पर 01 अंक दिया जायेगा एवं गलत उत्तर पर 0.25 अंक अतिरिक्त काटे जायेगें।

- टी0जी0–2 से अवर अभियन्ता (वि0 एवं यां0) 40 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत लिखित परीक्षा हेतु प्रश्नपत्र हाईस्कूल/आई0टी0आई0 स्तर एवं 8.33 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत लिखित परीक्षा हेतु प्रश्नपत्र इण्टरमीडिएट/इंजीनियरिंग डिप्लोमा स्तर का होगा। कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न CCC स्तर के होंगे।

(2)- अनिवार्य अर्हतायें सम्बन्धी प्रमाण पत्रों का प्रस्तुतीकरण :–

अभ्यर्थी/कार्मिक को लिखित परीक्षा में अस्थायी रुप से (provisionally) सम्मिलित किया जायगा। अभ्यर्थियों/कार्मिकों को मात्र लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने से अर्हता साबित होने अथवा चयन का अधिकार स्वतः प्राप्त नही हो जायेगा। लिखित परीक्षा के आधार पर रिक्तियों के सापेक्ष 02 गुने अभ्यर्थियों को अभिलेखों की जॉच हेतु शार्टलिस्ट किया जायेगा। शार्टलिस्टेड कार्मिकों के अर्हता सम्बन्धी निर्धारित शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र/अंकपत्रों इत्यादि की जाँच की जायेगी।

**(क)** किसी भी प्रकार की गलत सूचना प्राप्त होने/देने पर, बिना सूचना के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थन निरस्त करने एवं चयन प्रक्रिया से वंचित करने का अधिकार सुरक्षित है।

(3) **आवेदन शुल्क** : सभी पदों के लिये आवेदन शुल्क सामान्य एवं 'अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमीलेयर) 'के अभ्यर्थी हेतु रु० 900/– तथा अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी हेतु रु० 600/– देय है। विकलांग अभ्यर्थियों द्वारा केवल प्रक्रमण शुल्क रु० 10/– देय है।

(4)**आवेदन कैसे करें** : वेबसाइट www.uppcl.org को खोलें एवं टैब "APPLY ONLINE AGAINST ADVT NO.-04–**विसेआ/2017/जे0ई0–विभागीय**" पर क्लिक करें तथा नये वेबपेज पर How to Apply पर क्लिक कर प्रक्रिया को समझे।

(5)**प्रवेश पत्र** : लिखित परीक्षा एवं अभिलेख जॉच हेतु प्रवेश पत्र अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये रजिस्टर्ड ई–मेल पर उपलब्ध कराया जायेगा।

आवेदन सम्बन्धी पूछताछ हेतु **helpdesk.esc417@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है। सभी पत्राचार आवेदन पत्र में भरे गये पत्राचार के पते पर ही किये जायेंगे। उपर्युक्त विज्ञापन बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

| विवरण | तिथि |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण करने एवं आवेदन शुल्क जमा की तिथियाँ** | 28-09-2017 **से** **23-10-2017** |

**सचिव**
**विद्युत सेवा आयोग**

संo: 1095/विसेआ/04–विसेआ–2017/जे0ई0–विभागीय दिनांक: 16.09.2017

ESCUPPCL ★ विद्युत सेवा आयोग ★ सचिव 2017